>

Title: Regarding celebration of Adivasi Diwas on 9th August, 2021.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, कल आदिवासी दिवस था । अनन्तकाल से भारत के सामाजिक, आर्थिक विकास में जनजातीय समुदाय का बहुत बड़ा योगदान रहा है ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, आदिवासी समुदाय का हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम में भी बहुत योगदान था । मेरी इच्छा थी कि इस विषय पर सदन में चर्चा हो ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, आदिवासी, जनजाति समुदाय द्वारा जो योगदान इस देश हेतु किया गया, आप उस पर चर्चा करते, लेकिन आप सदन को नहीं चलने देना चाहते । यह उचित नहीं है ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, यह सदन समाज के गरीब, पीड़ित और वंचित लोगों के लिए है, ताकि उनकी समस्याओं पर चर्चा और संवाद हो सके ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मैं पुन: आपसे आग्रह कर रहा हूं । इस देश के लोकतंत्र को अगर मजबूत और सशक्त करना है, अगर आपको गरीब की आवाज बनना है तो आप कृपया अपनी-अपनी सीटों पर जाएं ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मैं हर विषय पर चर्चा कराना चाहता हूं । यह आपका उचित तरीका नहीं है । तख्तियां दिखाने और नारेबाजी करने के लिए आपको सदन में नहीं भेजा गया है ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, आपको इस देश के गरीब, वंचित, आदिवासी, दलित लोगों की समस्याओं को उठाने के लिए सदन में भेजा गया है । आपका यह तरीका गलत है ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

11.17 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Twelve of the Clock.

———

12.00 hrs

The Lok Sabha reassembled at Twelve of the Clock.

*(*Hon. Speaker *in the Chair)*